भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **2154** जिसका उत्तर
शुक्रवार, **29 जुलाई**, 2022/07 श्रावण, 1944 (शक) को दिया जाना है

मिनी हार्बर और ड्रेजिंग कॉरपोरेशन

†2154. श्री मारगनी भरत :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास आंध्र प्रदेश के अंतर्वेदी में एक मिनी हार्बर और ड्रेजिंग कॉरपोरेशन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है, जिसकी अनुमानित लागत 1,800 करोड़ रुपए है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या परियोजना के समय और लागत में कोई वृद्धि हुई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) इस परियोजना के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): ड्रेजिंग प्रचालनों और ड्रेज मरम्मत सुविधा में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अंतरवेदी में प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना हेतु ड्रेजिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीसीआई) ने अप्रैल 2016 में आंध्र प्रदेश सरकार के साथ, एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। आंध्र प्रदेश सरकार ने यह सूचित किया कि डीसीआई और आंध्र प्रदेश सरकार के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन अब समाप्त हो चुका है और इस प्रस्ताव पर सक्रिय रूप से विचार नहीं किया जा रहा है।

(ग) से (ङ): प्रश्न नहीं उठता।

*****